Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding constitution of a Committee to look into the police atrocities in Darjeeling in the State of Bengal.

श्री राजू बिष्ट (दार्जिलिंग): सर, हाल ही में 29 तारीख को दार्जिलिंग में हमारी एलायंस पार्टी के 14 कार्यकर्ताओं को बिना कारण पुलिस पकड़ कर जेल ले गई । उनको पकड़ने से पहले उनसे प्लेन पेपर पर साइन कराया गया ।**…**(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मैंने यह संविधान बहुत अच्छी तरह से पढ़ा है ।**…**(व्यवधान) यह हम सभी को बहुत अधिकार देता है, लेकिन मुझे बहुत दु:ख के साथ कहना पड़ रहा है कि भारत का संविधान आज बंगाल में लागू नहीं है ।…(व्यवधान) मैं इसकी एक कॉपी मुख्य मंत्री जी को भी भेजना चाह रहा हूं ।…(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से यह चाहता हूं ।…(व्यवधान) दीदी, मैं कभी…* नहीं बोलूंगा ।

सर, सिर्फ पुलिस के आतंक के कारण आज पांच हजार युवा जंगल में रहने को मजबूर हैं और टीएमसी पुलिस को यह करने के लिए बढ़ावा देती है । मैं चाहता हूं कि आप एक कमेटी का गठन करें और बंगाल का पूरा फेथ सदन के सामने रखें, जिससे हमारे लोगों को न्याय मिले ।…(व्यवधान) अभी तक भाजपा के डेढ़ सौ से ज्यादा कार्यकर्ताओं की मृत्यु हो चुकी है ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री रोडमल नागर और श्री सुधीर गुप्ता को श्री राजू बिष्ट द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

ऐसे विषय आते हैं, मैंने दूसरे माननीय सदस्य को बुला लिया है ।